# बिहार में वेटलैंड्स की देखरेख के लिये आर्द्रभूमि मित्र (केयरटेकर) का होगा का चयन

## चर्चा में क्यों?

- 10 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में 45 वेटलैंड्स का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है तथा वेटलैंड्स की देखरेख के लिये आर्द्रभूमि मित्र (केयरटेकर) का चयन किया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- राज्य के 10 ज़िलों में करीब 10 हज़ार 778 हेक्टेयर में फैले 45 वेटलैंड्स का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य इनके विकास सहित उपयोग की कार्य योजना बनाना है।
- इन दस ज़िलों में मुज़फ्फरपुर, बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, बक्सर शामिल हैं। इनमें से समस्तीपुर ज़िले में सबसे अधिक 11 वेटलैंड्स करीब 3910 हेक्टेयर में हैं।
- राज्य चार ज़िलों के चार वेटलैंड्स को रामसर साइट घोषित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की तैयारी कर रहा है। इनमें पश्चिम चंपारण ज़िले में लगभग 319.7 हेक्टेयर में फैली उदयपुर झील, भागलपुर ज़िले में लगभग छह हज़ार हेक्टेयर में फैली विक्रमशिला डॉल्फिन सेंचुरी, कटिहार ज़िले में लगभग 137 हेक्टेयर में फैली गोगाबिल झील और बक्सर ज़िले में लगभग 125 हेक्टेयर में फैला गोकुल जलाशय शामिल हैं।
- फिलहाल राज्य में बेगूसराय ज़िले का कांवरताल रामसर साइट घोषित किया जा चुका है।
- क्या है रामसर साइट?
- रामसर साइट अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले वेटलैंड्स को घोषित किया जाता है। विश्व के रामसर साइट घोषित वेटलैंड्स के संरक्षण और उसे बढ़ावा देने के लिये यूनेस्को सहित विश्व की अन्य संस्थाओं द्वारा सहयोग किया जाता है। ईरान के रामसर में साल 1971 को वेटलैंड्स सम्मेलन हुआ था। उसमें कई देशों ने संधिपर हस्ताक्षर किये, जिसमें भारत भी शामिल था।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wetland-mitra-caretaker-will-be-selected-for-the-maintenance-of-wetlands-in-bihar-